प्राथमिकता / तत्काल निर्गत / फैक्स / ई–मेल / क्यू–मेल

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश

संख्याःडीजी–आठ–140(29)2018 दिनांकः लखनऊःजुलाई 07, 2018

सेवा में,

1– समस्त जोनल अपर पुलिस महानिदेशक,
उत्तर प्रदेश।

2– समस्त परिक्षेत्रीय पुलिस पुलिस महानिरीक्षक / उप महानिरीक्षक,
उत्तर प्रदेश।

3– समस्त वरिष्ठ / पुलिस अधीक्षक,
प्रभारी,जनपद उत्तर प्रदेश।

विषयः चिकित्सकों की सुरक्षा के सम्बन्ध में।

कृपया उपर्युक्त विषयक पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 को सम्बोधित डा0 जे0डी0 रावत, सचिव, इण्डियन मेडिकल ऐसासिएशन, लखनऊ ब्रान्च, आई0एम0ए0 भवन, 1, रिवर बैंक कालोनी, लखनऊ के पत्र दिनांकः 04.07.2018 व उसके साथ संलग्न उ0प्र0 सरकार द्वारा चिकित्सों की सुरक्षा हेतु "उ0प्र0 मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट 2013" (छायाप्रति मय अनुलग्नक संलग्न) का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा विगत में कुछ असामाजिक तत्वों एवं रोगियों के परिजनों द्वारा चिकित्सकों के साथ मारपीट, क्लीनिक, नर्सिंग होम तथा अस्पतालों को क्षति पहुँचाने आदि घटनायें घटित होने सम्बन्धी तथ्यों अंकित करते हुये लखनऊ तथा उत्तर प्रदेश के समस्त चिकित्सकों को सुरक्षा प्रदान करने का अनुरोध किया गया है।

2– निदेशानुसार अनुरोध है कि कृपया डा0 जे0डी0 रावत, सचिव, इण्डियन मेडिकल ऐसासिएशन, लखनऊ ब्रान्च, आई0एम0ए0 भवन, 1, रिवर बैंक कालोनी, लखनऊ के उक्त पत्र में की गई अपेक्षा एवं उ0प्र0 शासन स्तर से निर्गत "उ0प्र0 मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट 2013" में उल्लिखित तथ्यों / निर्देशों का शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने / कराते हुई प्रदेश के समस्त जनपदों के चिकित्सकों एवं अस्पताल, क्लीनिक एवं नर्सिंग होम तथा उनके स्टाफ की नियमानुसार समुचित सुरक्षा व्यवस्था कराने का कष्ट करें। इसके साथ ही विगत में चिकित्सकों तथा उनके क्लीनिक एवं नर्सिंग होम एवं उनके स्टाफ से साथ एवं सरकारी अस्पतालों में घटित घटनाओं आदि के सम्बन्ध में जनपद स्तर पर समीक्षा करके सभी घटनाओं का त्वरित अनावरण कराया जाय एवं दोषियों के विरुद्ध कठोरतम वैधानिक कार्यवाही की जाये, जिससे प्रदेश के चिकित्सकों में सुरक्षा की भावना जाग्रत हो सके एवं उनके बीच पुलिस की मित्र छवि को बल मिल सके।

संलग्नकः यथोपरि

(प्रवीण कुमार)
पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानून–व्यवस्था
उत्तर प्रदेश।

प्रतिलिपिः डा0 सूर्यकान्त, अध्यक्ष, आई0एम0ए0, लखनऊ को उक्त सम्बन्ध में कृपया सूचनार्थ प्रेषित।

2– डा0 जे0डी0 रावत, सचिव, इण्डियन मेडिकल ऐसासिएशन, लखनऊ ब्रान्च, आई0एम0ए0 भवन, 1, रिवर बैंक कालोनी, लखनऊ को उक्त सम्बन्ध में कृपया सूचनार्थ प्रेषित।